Regarding the need of medical college in Jalore Parliamentary Constituency in Rajasthan

श्री लुम्बाराम चौधरी (जालौर) : महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौर बहुत बड़ा जिला है । वहां मेडिकल कॉलेज नहीं होने के कारण जनता को चिकित्सा के लिए बहुत प्रॉब्लम होती है । राजस्थान में पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने वहां लोगों को गुमराह किया । वहां पर कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है और न ही बजट है । मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि आप जालौर के अंदर मेडिकल कॉलेज स्वीकृत कराने का कष्ट कराएं ।

मेरे सिरोही जिले से जो कांडला-दिल्ली हाइवे निकलता है, उसके अंदर कई एक्सीडेंट्स होते हैं । मेरे सिरोही जिले के मेडिकल कॉलेज में ट्रॉमा सेंटर खोलने का कष्ट कराएं । सिरोही मेडिकल कॉलेज में सीटों की और डॉक्टरों की काफी कमी है । उसके अंदर सीटों को बढ़ाने का कष्ट करें । मेरा यही निवेदन है कि आप जालौर में मेडिकल कॉलेज खोलने का कष्ट कराएं । धन्यवाद ।